हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 7 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



## खबर संक्षेप

### लोतलोता में होगी मानदेय शिक्षक की नियुक्ति

**कोरबा।** नगर पंचायत छुरीकला अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोतलोता में संचालित प्राथमिक शाला में जल्द ही मानदेय शिक्षक की नियुक्ति की जायेगी। प्राथमिक शाला लोतलोता में पदस्थ प्रधान पाठक के बालक छात्रावास लमना विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा में कार्य करने के उपरांत शिक्षकों की कमी को दूर करने तथा अध्यापन व्यवस्था को बनाये रखने के लिये यहां मानदेय शिक्षक नियुक्त करने पहल की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा द्वारा पत्र के माध्यम से प्राथमिक शाला लोतलोता में मानदेय शिक्षक नियुक्त करने की मांग की गई है। विद्यालय में अध्यापन व्यवस्था बेहतर करने की दिशा में यहां मानदेय शिक्षक की व्यवस्था की जायेगी।

### रोजगार सहायक पर हुई कार्रवाई

**कोरबा।** कार्यालय जनपद पंचायत पाली के मनरेगा योजनांतर्गत ग्राम पंचायत कसियाडीह के ग्राम रोजगार सहायक श्रीमती अनुरागिनी जगत के द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में गडबडी की शिकायत की सुशासन तिहार के दौरान की गयी थी। जॉच हेतु कार्यालय जनपद पंचायत पाली के द्वारा जाँच दल गठित की गयी थी। जॉच दल द्वारा 7 जून को जॉच हेतु ग्राम पंचायत कसियाडीह में उपस्थित होकर जॉच किया गया। जॉच प्रतिवेदन में प्रस्तुत अभिमत में रोजगार सहायक श्रीमती अनुरागिनी जगत द्वारा प्रधानमंत्री आवास में गडबडी करने की शिकायत सही पाये जाने का उल्लेख किया गया है। तत्संबंध श्रीमती अनुरागिनी जगत को कार्यालय जनपद पंचायत पाली के द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। जिसमें उनका जवाब सतोषप्रद नहीं पाया गया। पुनः ग्राम रोजगार सहायक को युक्ति युक्त सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु अंतिम कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया जिसमें जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत 1 माह का वेतन देते हुए श्रीमती अनुरागिनी जगत ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत कसियाडीह को पद से पृथक किया गया।

### 10 को होगा भोजली तिहार का आयोजन

**कोरबा।** प्रदेश लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के लिए जानी जाती है, एक बार फिर अपने सबसे खूबसूरत त्योहारों में से एक भोजली तिहार के रंगों में सराबोर होने के लिए तैयार है। इस वर्ष भी पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। विगत पांच वर्षों से आयोजित हो रहा यह कार्यक्रम, अब शहर की सांस्कृतिक पहचान का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इस वर्ष 10 अगस्त को एक बार फिर प्रकृति के प्रति आभार और गहरी दोस्ती का यह पर्व मनाया जाएगा।

### नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने होंगे आयोजन

**कोरबा।** जिले में 31 अगस्त तक विशेष कर 13 अगस्त को स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों तथा संस्थानों में नशामुक्ति हेतु सामुहिक संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत ने पुलिस, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समस्त महाविद्यालय, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास, नगरीय निकायों, जनपद पंचायत, प्रजापिता ईश्वरीय विश्व विद्यालय, गायत्री परिवार, नेहरू युवा केन्द्र, स्त्रोत एनजीओ को पत्र प्रेषित कर नशामुक्त अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर जन जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के लिए आग्रह किया गया है। इस दौरान निबंध, चित्रकला, पोस्टर, मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन, लेखन, रैली संगोष्ठी,सामूहिक शपथ इत्यादि प्रतियोगिता का आयोजन कर स्थानीय स्तर पर प्रिंट, इलेक्ट्रोनिक एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए अभियान की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार कर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# रोटरी क्लब और स्वास्थ्य विभाग की नई पहल, 8 सौ मरीजों को मिलेगी पोषण सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में तपेदिक (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की किरण जगी है। रोटरी क्लब कोरबा ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर टीबी के मरीजों को पोषण सहायता प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण बीड़ा उठाया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण देकर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना और जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम बढ़ाना है।

जिले में टीबी की स्थिति पर नजर डालें तो स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, यहां लगभग 800 मरीज इस बीमारी से पीड़ित हैं। इनमें से शहरी क्षेत्र में करीब 350 मरीज हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रोटरी क्लब कोरबा ने प्रारंभिक चरण में 65 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने का संकल्प लिया है। इस महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत 15 अगस्त से की जाएगी। योजना के तहत, रोटरी क्लब द्वारा गोद लिए गए मरीजों को अगले 6 महीने तक हर महीने पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए जाएंगे। यह पोषण सहायता टीबी के इलाज के दौरान शरीर को मजबूत बनाने और दवाइयों के प्रभाव को बढ़ाने में अत्यंत सहायक होगी। प्रशासन को यह भी आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में अन्य सामाजिक संस्थाओं को साथ जोड़कर सभी जरूरतमंद मरीजों तक मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस नेक कार्य में रोटरी क्लब कोरबा की ओर से डॉ शोभराज चंदानी विशेष सहयोगी के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। हाल ही में इस विषय पर आयोजित एक बैठक में जिला क्षय नियंत्रण केंद्र से अशोक पांडे, टेकलाल साहू और राहुल कुर्रे शामिल हुए। वहीं रोटरी क्लब का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉक्टर संजय अग्रवाल, पारस जैन और सतनाम मल्होत्रा ने किया। यह सहयोग निश्चित रूप से टीबी के खिलाफ लड़ाई में एक मील का पत्थर साबित होगा, जहां सामाजिक भागीदारी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

### जिले के शहरी क्षेत्र में 350 मरीज

**खास बातें**
- 15 अगस्त से शुरु की जाएगी पहल रोटरी क्लब के सदस्य करेंगे काम
- बेहतर मिलेगा पोषण



## जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में बढ़ रहा हाथियों का उत्पात

# गजराज को गांव में घुसने से रोकने के लिए केंदई रेंज में हैंगिंग सोलर फेंसिंग से होगी घेराबंदी

नागेन्द्र श्रीवास ⏭ कोरबा

जिले के जंगल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। वन विभाग हाथियों और मानव द्वंद को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है लेकिन इसके बाद भी कोई सफलता नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों की चिंता लगातार बढ़ती ही जा रही है। अब इन हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए वन विभाग ने हैंगिंग सोलर फेंसिंग करने की योजना बनाई है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा व कटघोरा वनमंडल में हाथियों का दबदबा लगातार बढ़ता ही जा रहा है और पूरे वर्ष भर हाथी कोरबा और कटघोरा वनमंडल में डेरा डाले रहते हैं और जान माल की क्षति पहुंचाते हैं और हाथी और मानव द्वंद लगातार बढ़ता जा रहा है। कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों को रोकने के लिए एक बार फिर कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत की पहल हैंगिंग सोलर फेंसिंग लगाकर हाथियों के उत्पात को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। वन विभाग ने इसके लिए कार्य योजना बनाई है और फिलहाल केंदई रेंज के ग्राम बगबुड़ा में इसे अमलीजामा पहनाया जाएगा। यदि इसके तहत हाथियों को रोकने में सफलता मिलती है तो आने वाले वर्षों में इसे विभिन्न इलाकों में और भी विस्तृत रूप दिया जाएगा।

**खास बात**
- पहले चरण में केंदई रेंज के ग्राम बगबुड़ा से हो रही है शुरुआत


फाइल फोटो

### क्या होता है हैंगिंग सोलर फेंसिंग

हैंगिंग सोलर फेंसिंग हाथियों को रोकने में प्रभावी होती है जो सौर ऊर्जा से चलती है, जिससे पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, इसके रखरखाव की आवश्यकता कम होती है। हैंगिंग सोलर फेंसिंग का उपयोग वन्यजीवों और मानव के बीच संघर्ष को कम करने के लिए किया जाता है, खासकर हाथियों के हमले से फसलों और संपत्तियों की रक्षा के लिए। हाथियों को रोकने के लिए हैंगिंग फेंसिंग योजना एक प्रभावी तरीका है जिसमें सोलर फेंसिंग का उपयोग किया जाता है। यह एक इलेक्ट्रिक बाड़ है जो हाथियों को रोकने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसमें सौर ऊर्जा से चलने वाले इलेक्ट्रिक तार या पट्टियां होती हैं जो एक निश्चित वोल्टेज पर चलती हैं। जब हाथी इस बाड़ को छूता है, तो उसे एक विद्युत झटका लगता है, जो उसे आगे बढ़ने से रोकता है।

### 6 किलोमीटर का बिछाया जाएगा जाल

हैंगिंग सोलर फेंसिंग योजना की शुरुआत कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगबुड़ा में की जा रही है। केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे इस पर काम भी कर रहे हैं। बताया जाता है कि ग्राम बगबुड़ा चारों तरफ जंगल से घिरा हुआ है लगभग 6 किलोमीटर इलाके को इस गांव को पूरी तरह से घेरने की तैयारी है। देखना होगा कि इस हैंगिंग सोलर फेंसिंग योजना के तहत कितने हद तक हाथियों के उत्पात को रोका जा सकता है।

### सोलर फेंसिंग योजना हो चुकी है फेल

पूर्व में हाथियों के उत्पात को रोकने के लिए कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में सोलर फेंसिंग की गई थी लेकिन योजना असफल रही थी हाथियों ने ही फेंसिंग को तोड़ दिया था। इस योजना में विभाग ने लाखों रुपए खर्च भी किए थे।

# जेल ब्रेक के तीन आरोपी गिरफ्तार, चौथे की तलाश जारी


पुलिस गिरफ्त में फरार आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चार दिन पूर्व जिला जेल कोरबा से जेल ब्रेक कर 4 विचाराधीन बंदी फरार हो गए थे। इनमें से फरार 3 बंदियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है जबकि फरार चौथे आरोपी की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 2 अगस्त की दोपहर लगभग 3.30 बजे जिला जेल कोरबा से जेल ब्रेक कर लगभग 25 फीट ऊंची दीवार को लांघ कर जेल में बंद थाना सिविल लाइन का आरोपी दशरथ सिदार, चौकी राजगामार से आरोपी राजा कंवर, थाना बालको से आरोपी सारण सिक्कू थाना श्यांग से आरोपी चंद्रशेखर राठिया फरार हो गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें अनुभवी पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं साइबर सेल के सदस्यों को शामिल करते हुए 8 निरीक्षक एवं 50 आरक्षकों का दो टीम बनाया गया। पुलिस टीम द्वारा फरार आरोपियों की तलाश हेतु कोरबा जिले के साथ ही आसपास के जिलों में लगातार दबिश दी गई। पुलिस अधीक्षक के द्वारा फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं पता बताने वाले व्यक्ति को 10 हजार रुपए का इनाम का घोषणा किया गया था। इस बीच पुलिस ने पड़ोसी जिला रायगढ़ से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में लालघाट मुंडा मोहल्ला बालको निवासी सरना सिंकु उम्र 26 वर्ष पिता शंकर सिंह और भुलसीडीह चौकी राजगामार निवासी राजा कंवर उम्र 22 वर्ष पिता ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**
- 2 अगस्त को जिला जेल से हुए थे फरार

# आरटीई के बच्चों के नाम दाखिल खारिज में दर्ज नहीं और 11 लाख रुपए का किया दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आरटीई के तहत स्कूल में भर्ती किए गए छात्रों के नाम स्कूल के दाखिल खारिज पंजी में दर्ज नहीं होने के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रतिभूति राशि के रुप में 11 लाख 36 हजार रुपए शिक्षा विभाग से मांगे जाने के मामले में स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

इस मामले के अनुसार गेरवाघाट तुलसीनगर में गौरव युवा मंडल समिति द्वारा कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। स्कूल के संबंध में लगातार शिकायतें शिक्षा विभाग को मिल रही थी। जिला प्रशासन-शिक्षा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विरूद्ध प्राप्त शिकायत के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 16 अप्रैल को अरूण कौशिल प्राचार्य को विद्यालय संचालन से संबंधित मान्यता के दस्तावेज जमा करने, निर्देशों के अवहेलना पर विद्यालय का संचालन बंद करने के संबंध में पत्र जारी किया गया था। इसी तरह अरूण कौशिल प्राचार्य, कौशिल उच्चतर माध्यमिक स्कूल को 27 जून को पत्र जारी कर वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक संस्था की दाखिल खारिज पंजी एवं पाठ्कान पंजी जांच हेतु प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उक्त संबंध में संस्था को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर उच्च कार्यालय को अवगत कराया गया है।

# कसनिया रेत घाट में दबिश, अवैध रेत खनन करते 4 ट्रैक्टर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा क्षेत्र में अवैध रेत खनन और परिवहन के खिलाफ मिल रही शिकायतों को देखते हुए प्रशासन अब सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह बुधवार को कसनिया स्थित अहिरन नदी पर औचक छापा मारते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निरीक्षण के दौरान मौके पर चार ट्रैक्टरों को अवैध रेत खनन करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। कार्रवाई को देखते ही मौके पर मौजूद ट्रैक्टर चालक और उनके सहयोगी घबराकर ट्रैक्टर वहीं छोड़कर फरार ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**
- अवैध रेत खनन के खिलाफ चल रही है प्रशासनिक प्रक्रिया


कार्यवाही करते एसडीएम।

### खनन पर है प्रतिबंध

मानसून के दौरान रेत उत्खनन पर एनजीटी की गाइडलाइन के तहत पूर्ण प्रतिबंध है। इसके बावजूद अवैध खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। जिस पर कार्रवाई की गई है। यदि भविष्य में भी ऐसी कोई शिकायत मिलेगी, तो इसी तरह की कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

-रोहित सिंह, एसडीएम कटघोरा

## प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने फर्जी लोगों को नौकरी देने का लगाया आरोप

# भूविस्थापितों ने कुसमुण्डा जीएम दफ्तर में की तालाबंदी, वहीं खाना पकाया और खाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की कुसमुण्डा विस्तार परियोजना से प्रभावित भूविस्थापितों ने तालाबंदी आंदोलन शुरू कर दिया है इन्होंने अपनी जमीन पर फर्जी लोगों को नौकरी दे देने का आरोप प्रबन्धन पर लगाया इस बात को लेकर दोनों पक्ष में नोक-झोंक होती रही।

अधिकारियों के द्वारा उन लोगों के नाम भूविस्थापित नेताओं से मांगे गए जो फर्जी नौकरी कर रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि एसईसीएल में नौकरियों का मामला न्यायालय में लंबित है जिस पर निर्णय आने के बाद ही वह कुछ कर सकते हैं क्योंकि यह समस्या सिर्फ कुसमुण्डा की नहीं बल्कि अन्य कोयला परियोजनाओं में भी है दूसरी तरफ भूविस्थापितों के द्वारा कहा जाता रहा कि हमारी जमीनों पर हमारे परिवार के लोगों को नौकरी नहीं मिली है, इसलिए आश्रित परिवारों को नौकरी दिया जाना उचित होगा अन्यथा उग्र आंदोलन किए जाएंगे। एसईसीएल की कुसमुण्डा क्षेत्र में अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं खदान में कोल उत्पादन ठप्प करने तथा जीएम ऑफिस के सामने मेन गेट पर ताला बन्दी एवं धरना प्रदर्शन की सूचना के बाद बुधवार को प्रभावित भूविस्थापित परिवारों ने अपना दो दिवसीय आंदोलन शुरू किया। गोमतीं केंवट सहित अन्य भूविस्थापित परिवारों ने मेन गेट के निकट ही भोजन पकाया और यहीं पर खाया व आराम भी कर रहे हैं। भूविस्थापित परिवारों का कहना है कि हम विगत 22 वर्षों से भूमि के एवज में मिलने वाले रोजगार के लिये प्रयासरत हैं लेकिन एसईसीएल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा बार-बार गुमराह व झुठा आश्वासन दिया जा रहा है, जिससे हम मानसिक एवं आर्थिक स्थिति से त्रस्त हो चुके हैं। हम लोग एसईसीएल कार्यालय में जानकारी के लिए जाते हैं तो कुछ नहीं बताया जाता है, न ही सूचना के अधिकार का जवाब नहीं मिलता हैं, भू-विस्थापितों के साथ अधिकारी गुंडा गर्दी एवं अफसरशाही से पेश आते हैं, जबकि हम सूचना देकर हड़ताल पर बैठते हैं तो भी हमें जबरदस्ती जेल भेज दिया गया था भू-विस्थापित अपना अधिकार माँगने के लिए जायेंगे तो क्या जेल भेजने का नियम हैं? भूविस्थापितों ने बताया कि ⏭ शेष पेज 3 पर



जीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करती महिलाएं।


बाहर खाना बनाकर खाती महिलाएं।

## खबर संक्षेप

### आटो सवार युवकों ने शिक्षक के साथ की मारपीट

**बिलासपुर।** बाइक को टक्कर मारने पर देखकर चलाना बोलना शिक्षक को महंगा पड़ गया। आटो सवार युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए सरेराह शिक्षक के साथ हाथ मुक्का व बेल्ट से मारपीट की है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मुंगेलीनाका निवासी विक्रम सोनी पिता स्व छेदीलाल सोनी मस्तूरी भटचौरा शासकीय स्कूल में शिक्षक है। 6 अगस्त को सुबह 11 बजे वे बाइक से एलआईसी आफिस से घर जा रहे थे। स्मार्ट सड़क सिग्नल नेहरू नगर में रूके थे। इसी दौरान पीछे से आटो क्रमांक सीजी 10 बीडब्ल्यू, 9891 के चालक ने तेजी से मचाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। उन्होंने चालक को देखकर चलाने के लिए कहा। उसके बाद वह गणेश चौक की ओर जाने लगे। आटो में सवार युवक उनका पीछा करते हुए आए और विवेकानंद स्वीट्स के पास उन्हें रोक लिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, बेल्ट से जमकर मारपीट कर दी है।

### गांजा बेचते महिला सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक महिला व युवक को पकड़कर 3 किलो 740 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली चिंगराजपारा में एक महिला व युवक गांजा बेच रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ दबिश देकर संध्या सिंह ठाकुर पति सतीश सिंह ठाकुर 29 साल चिंगराजपारा सूर्या चौक व राजेन्द्र साहू पिता राजकुमार साहू 20 साल चिंगराजपारा निवासी को पकड़ लिया। दोनों के पास से 3 किलो 740 ग्राम गांजा व 6 हजार 250 रुपए बिक्री रकम जब्त बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा जब्त कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### मोबाइल चोरी करने वाले नाबालिग पकड़े गए

**बिलासपुर।** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दो घरों से मोबाइल चोरी करने वाले दो नाबालिगों को पकड़कर चोरी के 2 मोबाइल बरामद कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 4 अगस्त को सूर्या विहार निवासी सुनिता मानिकपुरी पति साहेब दास के घर से 20 हजार का मोबाइल चोरी हो गया था। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति चोरी करते नजर आ रहा था। इसी तरह उसी दिन बसंत विहार निवासी सुरेन्द्र देवांगन के घर से 30 हजार का मोबाइल चोरी हो गया था।





### बृहस्पतिबाजार चौक बदहाल

**बिलासपुर।** नगरनिगम द्वारा लगातार की गई कार्रवाईयों के बाद भी बृहस्पतिबाजार चौक का हाल बेहाल है। चौराहे पर फिर फुटकर सब्जी व्यापारियों व ठेलों वालों का कब्जा हो गया है। चौराहे पर बेतरतीबी से वाहन खड़े किए जा रहे हैं, जिससे लगातार ट्रैफिक जाम हो रहा है।

### 4 से अधिक 33 केवी सबस्टेशन रहे बंद, 3 दर्जन से अधिक इलाके अंधेरे में डूबे

# तिफरा 132 केवी सबस्टेशन में आई खराबी शाम होते ही हजारों घरों में छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लोड बढ़ने के बाद बिजली विभाग के उपकरण जवाब देने लगे है। बुधवार की शाम 5 बजे के करीब तिफरा स्थित 132 केवी के सबस्टेशन में अचानक खराबी आ गई। इस दौरान ट्रांसफार्मर में लगा डिस्ट ब्लास्ट होकर टूट गया। जिसके बाद इंदू चौक, व्यापार विहार, नेहरू नगर, भारतीय नगर 33 केवी सबस्टेशन बंद रहा, इस दौरान 3 दर्जन से अधिक इलाकों में बिजली ठप रही। शाम को हुई इस घटना के बाद अंधेरा छा गया।

- ट्रांसफार्मर की डिस्क में आई खराबी

बुधवार की शाम महाराणा प्रताप चौक से लेकर भारतीय नगर, स्मार्ट सड़क, भारतीय नगर चौक, इंदू चौक, सहित कई इलाकों में बिजली गुल रही, शाम 5 बजे से रात 8.30 बजे तक बिजली बंद रही, इस दौरान सबस्टेशन मेटेनेंस की टीम ने मोर्चा संभाला और मरम्मत की गई। जिसके बाद ही क्षेत्र बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। बताया जा रहा है कि उमस भरी गर्मी के कारण लगातार बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं, शाम को हुई बूंदाबांदी के बाद जम्पर जलने और इंश्योलेटर खराब होने के कारण कई इलाकों में बिजली बंद रही। इस दौरान विनोबा नगर, तेलीपारा, मसानगंज, करबला, हेमु नगर, अशोक नगर, नेहरू नगर, जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद रही। इस दौरान एक बार फिर बिजली विभाग की मुस्तैदी की पोल खुलती रही, फ्यूज कॉल के कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं के फोन तक अटेंड नहीं किया, जिसके कारण उपभोक्ता को हलाकान होना पड़ा।

#### बूंदाबांदी का असर नहीं, उमस बरकरार

मौसम की मार के आगे हर कोई बेबस है, तापमान में असामान्य तौर पर 5 डिग्री की बढ़ोत्तरी हो चुकी है, बिलासपुर जिले का तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया है, यही कारण है कि शाम को हुई 20 मिनट की बुंदाबांदी भी काम नहीं आई और उमस भरी गर्मी से सभी को हलाकान कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून हवाएं कमजोर पड़ चुकी है, हालांकि द्रोणिका का असर दिखाई दे रहा है लेकिन बारिश नहीं हो रही है। लोगों को बारिश के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

### कुदुदण्ड में पिछले 15 दिनों से पानी की समस्या, टैंकर से हो रही सप्लाई





कुदुदण्ड में पिछले 15 दिनों से पानी की समस्या है। खास तौर पर शिव चौक से एसबीटी कालेज और उससे आगे के लोग इस उमस और भीषण गर्मी के दिनों में पानी के लिए तरस रहे हैं। यहां की पाइप लाइन में समस्या है जिसका निराकरण नहीं किया जा सका है। निगम इंजीनियर भूषण पैकरा के मुताबिक पाइप लाइन की सफाई की जा रही है। कुछ जगहों पर पेड़ के जड़ मिले हैं तो कई जगहों पर पत्थर और पन्नियों के फंसे के कारण सप्लाई में परेशानी आ रही है। वार्ड पार्षद अनिता हिमांशू कश्यप कश्यप के मुताबिक दो सप्ताह से अधिक का समय हो गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी के साथ ही जल विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर परेशानी बताई गई। इसके बाद भी पानी सप्लाई सही नहीं हो सकी है। निगम के मुताबिक फिलहाल टैंकर से पानी सप्लाई हो रही है। जल्द ही पाइप लाइन की समस्या दूर कर ली जाएगी।

**तिफरा सब्जी बाजार के पास हुआ हादसा**

### पोल से गिरी चिंगारी हताहत बालक को सिम्स में किया गया भर्ती

तिफरा स्थित सब्जी बाजार में मंगलवार की रात 10.30 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब एक बच्चे पर बिजली की चिंगारी बरस गई। खंबे से गिरी चिंगारी के चलते बच्चा झुलस गया, उसे सिम्स में भर्ती कराया गया है। वहीं बिजली कर्मचारियों ने क्षेत्र की बिजली मरम्मत नहीं की जिसके चलते लोगों को रात भर गर्मी से परेशान होना पड़ा।

तिफरा यादव मोहल्ला निवासी 13 वर्षीय बालक बिजली तार से अचानक गिरी चिंगारी के चपेट में आने से झुलस गया। उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि सूर्या बाई निर्मलकर का बेटा राखी दुकान में काम करता है, घर की परस्थिति खराब होने के कारण वह बाजार चौक के ही छोटे दुकानों में काम कर रोजी-रोटी का जुगाड़ करता है, मंगलवार की रात 10.30 बजे राखी की दुकान में काम कर रहा था, उसी दौरान पास के खंबे से चिंगारी निकलने लगी, जिसकी चपेट में आकर बालक झुलस गया, आसपास के लोगों ने उसे तत्काल सिम्स भेजवा दिया और घटना की जानकारी तिफरा बिजली कार्यालय को दी गई, लेकिन कर्मचारी नहीं पहुंचें, घंटों बाद कर्मचारियों के आने के बाद मोहल्ले वालों ने कर्मचारियों को फटकार लगा दी,मौका देख कर्मचारी गायब हो गए। ऐसे में रात 1.30 बजे के करीब बिजली सुधार हो सका।

## 58 हजार एपीएल कार्डधारियों के एक महीने के चावल पर 'डंडी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अप्रैल से जून महीने तक तीन महीने का खाद्यान्न एकमुश्त मिलने की खुशी मनाने वाले एपीएल राशनकार्ड धारी सिर्फ दो ही महीने का खाद्यान्न मिलने के कारण दुखी हैं। जिले के करीब 58 हजार एपीएल कार्डधारकों को अब तक एक महीने का चावल अप्राप्त है। इस मामले में कहीं ऊपर से ही चावल का आबंटन जारी नहीं होने, या तीन महीने के खाद्यान्न वितरण की तिथि समाप्त हो जाने एवं राशन दुकानदारों द्वारा डीडी नहीं देने के कारण नान से चावल का आबंटन जारी नहीं होने जैसी बातें कही जा रही हैं।

तीन महीने का एकमुश्त खाद्यान्न पाकर एक ओर जहां प्रदेश के बीपीएल राशन कार्डधारकों ने चावल उत्सव मना लिया, वहीं इस उत्सव के दौरान अपने एक महीने के चावल से अब तक वंचित रहे एपीएल कार्डधारी दुखी हैं। एपीएल कार्डधारियों को इस योजना के अंतर्गत केवल अप्रैल व मई महीने का ही खाद्यान्न जारी किया गया है। जून महीने के खाद्यान्न के लिए हितग्राही फिलहाल राशन दुकानों के चक्कर लगा रहे हैं। जिले में एपीएल राशन कार्डधारियों की कुल संख्या 71 हजार 678 है। इनमें 12 हजार 886 हितग्राही ग्रामीण हैं, वहीं 58 हजार 752 शहरी हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के बीपीएल व एपीएल श्रेणी के सभी हितग्राहियों को अप्रैल से जून तक तीन-तीन महीने का खाद्यान्न वितरण किया जा चुका है। इसके विपरीत शहरी क्षेत्र के 58 हजार 752 हितग्राहियों में भी ज्यादातर लोगों ने तीन महीने का खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है, लेकिन इस बात से बिल्कुल भी इंकार नहीं किया जा सकता कि कुछ हितग्राही राशन प्राप्त करने से अब भी वंचित न रह गए हों। सूत्रों के अनुसार राशन वितरण नहीं हो पाने के पीछे कई कारण बताए जा रहे हैं। इनमें एक कारण शासन द्वारा वितरण के लिए निर्धारित 31 जुलाई की तिथि पार हो जाने को भी माना जा रहा है। इसी तरह विभाग का यह भी कहना है कि हो सकता है राशन दुकानदारों द्वारा डीडी प्रस्तुत नहीं करने के कारण उन्हें चावल का आबंटन जारी नहीं किया गया होगा। यही कारण है कि अब हितग्राहियों को राशन दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



- बीपीएल को मिला तीन महीने का एकमुश्त चावल
- एपीएल को सिर्फ दो महीने का

#### 31 जुलाई तक करना था वितरण

राशन दुकानों से तीन महीने के खाद्यान्न वितरण के लिए 31 जुलाई तक की समयावधि निर्धारित की गई थी। किसी कारणवश कुछ एपीएल हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो सका हो, तो ऐसे हितग्राहियों के संबंध में शासन को अवगत कराते हुए वितरण के लिए अतिरिक्त समय देने की मांग की जाएगी।

-अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

## ड्राइवर से नकद रकम, मोबाइल की लूट, तीन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेलर को रोककर हथियार अड़ाकर मारपीट कर ड्राइवर से नकद रकम मोबाइल लूटकर बाइक सवार तीन युवक भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दो दिन बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

सीपत पुलिस के अनुसार, नवापारा लेवई निवासी नरेन्द्र कुमार लहरे पिता शत्रुहन लहरे कोरबा हरदीबाजार निवासी गोविंद राठौर का ट्रेलर चलाते हैं। 4 अगस्त को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएस 4353 में दीपका खदान से कोयला लोड कर जयरामनगर रेलवे साइड में खाली करने के बाद लौट रहे थे। रात 1 बजे खाड़ा के कोलवाशरी मोड़ मेन रोड तिराहा में बाइक सवार तीन युवकों ने बाइक अड़ाकर उन्हें रोक लिया। दो युवक केबिन में चढ़कर साइकिल चैन गियर का हथियार अड़ाकर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर



1300 रुपए व मोबाइल लूट कर बलौदा की ओर भाग गए। पुलिस ने ड्राइवर की रिपोर्ट पर अज्ञात तीन लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309, 3, 5 के तहत जुर्म कर लिया है। टीआई गोपाल सतपथी ने स्टॉफ के साथ पतासाजी कर आरोपी कोरबा इमली, डुग्गू, संतोषी माता मंदिर के निवासी सूरज यादव पिता बालाराम यादव 22 साल, शिवम दास मानिकपुरी उर्फ बबली पिता लक्ष्मण दास मानिकपुरी 21 वर्ष, बंधन निषाद पिता माधव निषाद 20 वर्ष को गिरफ्तार कर 13 सौ रुपए, दो मोबाइल बरामद कर लिया है।

### सिम्स में नाबालिग ने बच्ची को दिया जन्म, प्रेमी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक पहले प्रेमी के साथ भागी नाबालिग ने तीन दिन पहले सिम्स में बच्ची को जन्म दिया है। जानकारी होने पर उसके माता पिता ने रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बेलगहना चौकी प्रभारी राज सिंह ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग एक साल पहले घर छोड़कर प्रेमी मंगल सिंह बैगा पिता संतराम बैगा 18 साल के साथ भाग गई थी। विगत एक साल से दोनों पति पत्नी की तरह रह रहे थे। गर्भवती होने पर प्रेमी ने नाबालिग को सिम्स में भर्ती कराया। तीन दिन पहले उसने बच्ची को जन्म दिया है। नाबालिग बेटी की बेटी होने पर उसके माता पिता ने बेलगहना चौकी में रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 65, 1 व 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत प्रेमी मंगल सिंह बैगा को गिरफ्तार कर लिया है। इधर नाबालिग व बच्ची सिम्स में भर्ती हैं।

## 8 क्विंटल लोहे के कबाड़ सहित कबाड़ी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने कबाड़ी दुकान में दबिश देकर 8 क्विंटल लोहे का कबाड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू को सूचना मिली कि बिल्हा आमपारा तालाब के पास कबाड़ी ईमरान कुरैशी पिता मोहम्मद मुस्ताख कुरैशी चोरी के लोहे के सामान की खरीदी बिक्री कर रहा है। श्री साहू ने प्रधान आरक्षक अरूण कुमार, शत्रुहन कौशिक, कृष्णा महिलांगे को लेकर कबाड़ दुकान में दबिश देकर जांच की गई। दुकान में 8 क्विंटल लोहे का सामान मिला। कबाड़ी के पास लोहे के सामान का कोई दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने कबाड़ जब्त कर कबाड़ी को गिरफ्तार कर लिया है।



### मामा के घर घूमने आए एनसीसी छात्र की कूलर के करंट से मौत

**बिलासपुर।** पुलिस लाइन में एनसीसी कैम्प में शामिल होने आया छात्र मामा के घर घूमने चला गया। रात में भोजन करने के बाद बिजली बंद कर कमरे में सो गया। देर रात बाथरूम जाते समय कूलर से टकरा गया। कूलर में करंट प्रवाहित होने छात्र की मौत हो गई। सकरी थाना के एएसआई विजय राठौर ने बताया, जयरामनगर निवासी आदित्य यादव 22 साल एनसीसी का छात्र है। दो दिन पहले वह बिलासपुर पुलिस लाइन में आयोजित कैम्प में शामिल होने आया था। कैम्प में शामिल होने के बाद वह अपने मामा घर अमेरी घूमने चला गया था। रात में भोजन करने के बाद कमरे की बिजली बंद कर कूलर चलाकर सो गया। देर रात बाथरूम जाने के उठा और अंदरे में बाथरूम जा रहे थे। इसी दौरान वह कूलर से टकरा गया। कूलर में करंट प्रभावित होने से चपेट में आ गया। चिखने चिल्लाने की आवाज में मामा व घरवाले कूलर बंद कर उसे इलाज इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रारंभ

**बलरामपुर।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु चतुर्थ चरण (संस्था स्तर) की ऑनलाइन काउंसलिंग 6 अगस्त से प्रारंभ हो गई है। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज रामानुजगंज में संचालित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) प्रवेश हेतु सीजी-पीपीटी 2025 की परीक्षा एवं 10वीं के प्राप्तांक अंक मेरिट लिस्ट का आधार बनाया गया है तथा द्वितीय वर्ष (लेटरल एंट्री) में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी को शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत 12वीं परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर अथवा मान्यता प्राप्त बोर्ड-विश्वविद्यालय से अनिवार्य 3 विषयों के साथ उत्तीर्ण एवं 2 वर्षीय आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन पंजीयन एवं काउंसलिंग 6 से 9 अगस्त तक किया जाएगा। 11 अगस्त को मेरिट सूची का प्रकाशन तथा प्रवेश हेतु 12 अगस्त को संस्था में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। इस संबंध में तकनीकी शिक्षा संचालनालय की वेबसाइट पर काउंसलिंग के दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

**सीएसपी के नेतृत्व में की गई जांच**

## पहली बार तारबाहर क्षेत्र में गुण्डे बदमाशों की जांच, अवैध हथियार सहित 3 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पहली बार तारबाहर क्षेत्र में गुण्डा बदमाशों की जांच कर अवैध हथियार सहित 3 व संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था।

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सीएसपी निमितेश सिंह परिहार लगातार अपने क्षेत्र के थाना क्षेत्र में लगातार रात में विशेष जांच कर गुण्डे बदमाशों व संदिग्ध गतिविधियों में शामिल बदमाशों को चिन्हाकित कार्रवाई कर रहे हैं। श्री परिहार, तारबाहर टीआई कृष्णचंद सिदार, एसआई रामनरेश यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के गुण्डा बदमाशों व संदिग्ध गतिविधियों में शामिल बदमाशों को चिन्हाकित कर उनके घरों में दबिश दी गई। इसमें तीन बदमाशों को पकड़कर जांच करने पर चाकू बरामद किया गया है। इसी तरह संदिग्ध गतिविधियों में शामिल दो बदमाशों को पकड़कर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस की छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। ज्ञात हो कि सीएसपी श्री परिहार के नेतृत्व में लगाकर उनके क्षेत्र के सिविल लाइन, सिरगिट्टी, तोरवा, तारबाहर थाना क्षेत्र में गुण्डा बदमाशों की जांच कर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे गुण्डा बदमाशों में हड़कंप मचा हुआ है।



#### निकाला गया जुलूस

पुलिस ने क्षेत्र में बदमाशों का आतंक खत्म करने के लिए कान पकड़ कर जुलूस निकाला गया। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी हुई थी। उसके बाद बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया है।

#### पकड़े गए बदमाश

- सैय्यद शाद अली पिता सैय्यद शाहिद अली 21 साल एकता चौक तालापारा आर्म्स एक्ट
- सुरेश पटेल पिता गुहाराम पटेल 35 साल पटेल मोहल्ला तोरवा आर्म्स एक्ट
- आदिल खान पिता स्व. रहीम खान 25 साल बजरंग चौक तालापारा आर्म्स एक्ट
- विरेन्द्र कुमार गेंदले दर्रीघाट संदिग्ध गतिविधिया
- साजन सिंह ठाकुर भवानी नगर सिरगिट्टी

## मोबाइल चलाने से मना किया तो सनकी भाई ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

मोबाइल फोन को लेकर हुए विवाद में सनकी युवक ने अपनी ही बहन की हत्या कर दी। आरोपी ने सो रही बहन के गर्दन पर टांगी से वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया जा रहा है लखनपुर के कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम लिपिंगी मझवार पारा निवासी मुनेश्वरी आ. बिंद्रा राम मझवार का विवाद गांव में ही हुआ। महिला मुनेश्वरी 5 अगस्त को अपने मायके आई हुई थी। मायके में वह अपने पिता और दो भाइयों के साथ थी। 5 अगस्त को खाना खाने के बाद मुनेश्वरी जमीन पर सोई हुई थी जबकि उसका बड़ा भाई जयप्रकाश खाट पर सोया हुआ था। जयप्रकाश देर रात 12.30 बजे तक मोबाइल फोन चला रहत था जिसपर बड़ी बहन मुनेश्वरी ने मोबाइल चलाने से मना किया और डांटकर मोबाइल फोन छीनकर अपने पास रख लिया। मोबाइल चलाने से मना करने को लेकर दोनों भाई बहनों के बीच विवाद शुरू हो गया और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। मुनेश्वरी विवाद शांत कराकर फिर से सो गई इसी दौरान सनकी युवक ने महज मोबाइल फोन लेने को लेकर हुए विवाद में अपनी ही सो रही बहन के गले पर टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस पूरी घटना के दौरान बुजुर्ग पिता और छोटा भाई घर पर ही मौजूद थे लेकिन किसी को कुछ समझने का मौका नहीं मिला।

## खबर संक्षेप



### कन्या व बालक स्कूल में हुआ मेगा पालक बैठक

**हरदीबाजार।** कन्या, बालक पूर्व मा.शाला उतरदा में बुधवार को शासन के द्वारा 1 से 8 अगस्त तक रजत जयंती मनाई जा रही है जिसमे पालक शिक्षक का मेगा बैठक आयोजित किया गया। मेगा पालक बैठक में उपस्थित कन्या शाला के प्रधान पाठक श्री नेटी, बालक शाला के प्रधान पाठिका श्रीमति तरन्नुम निशा, कन्या प्राथमिक प्रधान पाठक श्री कंवर, एसएमसी अध्यक्ष विनोद डहरिया, उत्तर खुसरो, नोडल प्राचार्य श्री अंचल की उपस्थित में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा डांस और शुन्य निवेश से राखी बनाया गया। जिसमें प्रथम द्वितीय पुरुस्कार और मेडल दिया गया। विनोद डहरिया द्वारा शाला को 3 दीवाल घड़ी प्रदान किया। भूतपूर्व उपसरपंच इन्द्रसेन यादव ने 4 पंखा शाला को प्रदान किया। साथ ही मासिक मूल्यांकन की कॉपी पालको को दिखाया गया। मेगा पालक बैठक में स्कूल के शिक्षक श्री कुर्रे सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### शहर के बीच सड़क पर लड़ते रहे सांड, कई वाहनों को किया क्षतिग्रस्त



**कोरबा।** घंटाघर मुख्य मार्ग पर दो सांड लड़ने लगे। लोगों को लगा कि थोड़ी देर बाद वे शांत हो जाएंगे लेकिन लड़ते लड़ते वे बीच सड़क पर आ गए। इस घटना के बाद सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई बाइक सवार जान जोखिम में डालकर रास्ते से पार हो रहे थे तभी एक बाइक सवार लड़ रहे सांड से टकरा गया और नीचे गिर गया और फिर किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग गया नहीं तो उसे गंभीर चोटे भी आ सकती थी। वही दोनों सांड लड़ते समय सड़क किनारे खडे कई वाहनों से जा टकराया। वाहन एक के बाद एक गिरते हुए नजर आ रहे थे। दोनों सांड की लड़ाई आधे घंटे तक नजर आई। कुछ स्थानीय दुकानदारों और राहांगीरों ने उन्हें भगाने की कोशिश जरूर की लेकिन उसके बाद भी दोनों लड़ते रहे।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, युवाओं में उत्साह



**कोरबा।** एनकेएच बालाजी ब्लड बैंक एवं लायंस क्लब बालको के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन कोसाबाड़ी स्थित एनकेएच बालाजी ब्लड सेंटर परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और अस्पताल स्टाफ ने भाग लेकर मानवता का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ लायन हरविंदर सिंग कोषाध्यक्ष एवं लायन अजय जायसवाल सचिव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। रक्तदान से पहले सभी रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच एनकेएच के विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में की गई, जिससे रक्तदान की संपूर्ण प्रक्रिया सुरक्षित एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवाओं ने सेवा, सहयोग और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। लायंस क्लब द्वारा इस शिविर को रक्तदान महादान मुहिम के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विजय अग्रवाल ने कहा, रक्तदान केवल किसी की जान बचाने का जरिया नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### बिजली बिल योजना में संशोधन जनता के साथ अन्याय : मनोज

**कोरबा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वय मनोज चौहान एवं नत्थूलाल यादव ने हाफ बिजली बिल योजना में कटौती पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे सीधे तौर पर राज्य के 50 लाख से अधिक विद्युत उपभोक्ता प्रभावित होंगे। नत्थूलाल यादव ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय की सरकार ने कांग्रेस शासनकाल की इस जनहित के योजना पर संशोधन करते हुए शर्तें लगा दी है जिससे 100 यूनिट तक में छुट का भी लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय 400 यूनिट तक आधा बिजली बिल यानि की 200 यूनिट तक फ्री और शेष 200 यूनिट का बिल देना पड़ता था। 400 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने पर भी 200 यूनिट मुफ्त का प्रावधान था जिससे मध्यम एवं उच्च वर्ग वालों को भी हमारी सरकार में फायदा मिलते रहा है। मनोज चौहान ने बताया कि राज्य भर के जो भी बिजली उपभोक्ता 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत करेगा उन्हें एक भी यूनिट का छुट नहीं मिलेगा। 100 यूनिट के बाद पूरा का पूरा बिल उपभोक्ताओं को देना होगा। श्री चौहान ने कहा कि सरप्लस राज्य छत्तीसगढ़ में अघोषित विद्युत कटौती का खेल खेला जा रहा है जो छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपभोक्ताओं के साथ अन्याय है।

## आयुक्त ने बस्ती पहुंचकर किया भ्रमण, जानी समस्याएं

# कांशीनगर की सड़क, नाली व साफ सफाई से जुड़ी समस्याएं होंगी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के वार्ड क्र. 22 कांशीनगर स्लम बस्ती के सड़क, नाली, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट से जुड़ी समस्याएं अब दूर होंगी। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कांशीनगर बस्ती का पैदल व स्कूटी से भ्रमण कर इनसे हुड़ी समस्याओं का सघन निरीक्षण किया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सड़क, नाली मरम्मत व निर्माण कार्य के प्रस्ताव तत्काल तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 23 बुधवारी में भी सी.सी. रोड निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार करने अधिकारियों के निर्देशित किया।

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान आज प्रातः 7.30 बजे निगम के वार्ड क्र. 22 स्थित स्लम बस्ती कांशीनगर पहुंचे। उन्होंने सम्पूर्ण बस्ती का पैदल व स्कूटी से भ्रमण करते हुए वहाँ की विभिन्न समस्याओं का सघन रूप से जायजा लिया। बस्ती की विभिन्न गलियों में टूटी नालियों का मरम्मत करने, कांशीनगर चर्च के पास जीर्ण हो चुकी सड़क व नाली का मरम्मत व निर्माण किए जाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वार्ड पार्षद सुभाष राठौर व निगम के अधिकारियों की टीम के साथ बस्ती का भ्रमण करते हुए नालियों की साफ-सफाई, स्ट्रीट लाईट व विद्युत व्यवस्था, पेयजल की आपूर्ति तथा अन्य व्यवस्थाओं से जुड़ी समस्याओं का निरीक्षण किया, वहाँ के निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं पर चर्चा की, बस्ती की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के वार्ड क्र. 23 बुधवारी अंतर्गत उमेश साहू के घर से मरकाम जी के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कराने के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही त्वरित रूप से किए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।



निरीक्षण करते निगम आयुक्त।

### खुद कचरा उठाकर दी दुकानदारों को प्रेरणा

सुभाष चौक निहारिका मुख्य मार्ग पर कई स्थानों पर दुकानों के सामने दुकानदारों द्वारा कचरा डाल दिया गया था। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित दुकानदारों को समझाईश दी कि वे दुकानों से निकले कचरे को डस्टबिन में रखे तथा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली निगम की स्वच्छता दीदियों व सफाई कामगारों को ही कचरा दें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त मार्ग पर अनेक स्थलों पर फेंके गए कचरे कागज, पन्नी, रैपर, खाली बोतल को स्वयं उठाना शुरू कर दिया, इस पर संबंधित दुकानदारों ने प्रेरणा लेते हुए शीघ्र ही उक्त कचरा उठा लेने तथा पुनः सड़क पर कचरा न डालने की बात कही।

### गंदगी फैलाने पर दी कड़ी चेतावनी

भ्रमण के दौरान आयुक्त ने पाया कि कांशीनगर स्थित चर्च के समीप सड़क पर पानी का जमाव हो रहा है एवं वहाँ पर स्थित ठेलों गुमठियों व दुकानदारों द्वारा कचरा डालकर वहाँ गंदगी फैलाई जा रही है, इसे गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने ठेला-गुमठी संचालकों व दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी तथा कहा कि यदि वे अपनी आदत में सुधार नहीं करते भविष्य में गंदगी फैलाते हैं व कचरा डालते हैं तो दुकानों को सील करने की कार्यवाही की जाएगी।

### महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** गिरधर निवास पोड़ीबहार में रविवार को फ्रेंड्स महिला ग्रुप ने सावन महोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में महिलाएं हरे रंग के पारंपरिक साड़ी पहन कर आई और भगवान शिव पार्वती की स्तुति करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिता जैसे डांस, गीत संगीत, कुर्सी दौड़, सावन क्वीन, स्टेशन गेम, बकेट बाल आदि का आयोजन किया गया और सफल विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। फ्रेंड्स ग्रुप की महिलाओं ने बताया कि इस सावन महोत्सव का उद्देश्य दोस्ती को बनाए रखना सांस्कृतिक रूप से जोड़ना और पारंपरिक त्यौहारों को जीवन्त बनाए रखना है। इस सावन महोत्सव में कार्यक्रम में पुष्पलता राठौर, राजकुमारी साहू, सुनीता पाटले, मीनाक्षी तिवारी हुलेश्वरी बरेठ, सुचिता पटवा, रुचि अग्रवाल, बिंदु चौहान, कांता तिवारी, गोमती यादव, विमला मंगल, टेलर बाई राठौर शामिल रहीं।

### प्रेरणा महिला मंडल ने मनाया सावन उत्सव



**गेवरा दीपका।** कुसमुंडा आदर्श नगर में प्रेरणा महिला मंडल के द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव भजन व कीर्तन से की गयी। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधान पहन कर झूला झूला। महिलाओं ने हरियाली तीज के महत्व पर भी चर्चा की। अतिथियों ने कहा कि सावन केवल एक मौसम नहीं, बल्कि हमारी परंपरा, संस्कृति का प्रतीक है. सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का आयोजन समाप्त हुआ।

# एनटीपीसी में 400 केवी स्विचयार्ड के ऑटोमेशन सिस्टम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



शुभारंभ करते एनटीपीसी के अधिकारी व अन्य।

एनटीपीसी ने अपनी तकनीकी प्रगति में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए कियोस्क आधारित सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया। इस प्रणाली का उद्घाटन राजीव खन्ना, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में किया गया। इस परियोजना के प्रथम चरण के तहत, जनरेशन यूनिट 3 बे को सफलतापूर्वक इस उन्नत प्लेटफॉर्म पर माइग्रेट कर दिया गया है, जिससे आगामी चरणों में शेष बे को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। नवीनतम प्रणाली रीयल-टाइम मॉनिटरिंग, बेहतर परिचालन विश्वसनीयता तथा स्विचयार्ड संचालन में कुशल नियंत्रण सुनिश्चित करेगी। यह पहल एनटीपीसी कोरबा की स्मार्ट तकनीक अपनाकर परिचालन क्षमता एवं विद्युत प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर राजीव खन्ना ने कहा कि सबस्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम का शुभारंभ हमारे स्विचयार्ड संचालन को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह तकनीक विश्वसनीयता और दक्षता को बढ़ाएगी तथा एनटीपीसी कोरबा के सुरक्षित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति के मिशन को मजबूत करेगी। यह उपलब्धि एनटीपीसी की तकनीकी नवाचार और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, जिससे यह भारत के अग्रणी विद्युत उत्पादन केंद्रों में अपनी स्थिति बनाए रखे हुए है।

# जिला स्तरीय व्यास पूजन समारोह का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गुरु शिष्य परंपरा को पुनः स्थापित करने के लिए 9 अगस्त तक चलाए जा रहे जिला स्तरीय अभियान व्यास पूजन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद प्रेमलता बंजारे मौजूद थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक शिक्षिका हेमलता शर्मा, माखनलाल यादव, रमा कर्मकार, बालको केंद्रीय पुस्तकालय की ग्रंथपाल नीलिमा दास, पॉलिटेक्निक कॉलेज के तकनीकी शिक्षक अजय शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रणधीर सिंह ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक बंशीलाल देवांगन, व्याख्याता सुनीला सिंह, प्रेमलता साहू, आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जेल ब्रेक के...

टीकाराम कंवर को गिरफ्तार किया गया था। जबकि एक अन्य आरोपी पोड़ीबहार नीचे मोहल्ला थाना सिविल लाइन रामपुर निवासी दशरथ सिदार उम्र 19 वर्ष पिता प्रताप सिंह सिदार को शहर से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। जबकि चौथे आरोपी चंद्रशेखर राठिया की सरगर्मी से खोजबीन की जा रही है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि उक्त आरोपियों में से एक की प्रेमिका बार-बार पुलिस को गुमराह कर रही थी तथा जानबुचकर भ्रामक जानकारी देकर फरारी में सहयोग कर रही थी। उसके विरुद्ध भी पुलिस के द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### कसनिया रेत घाट...

हो गए। एसडीएम ने स्थानीय लोगों से ट्रैक्टर मालिकों की जानकारी जुटाई और उन्हें मौके पर बुलाया। हालांकि, एक घंटे तक भी ट्रैक्टर मालिक घटनास्थल पर नहीं पहुंचे। स्थिति को देखते हुए एसडीएम रोहित सिंह ने नगर पालिका परिषद के चालक की सहताया से चारों ट्रैक्टरों को नदी से बाहर निकलवाकर कटघोरा थाना परिसर में खड़ा करवाते हुए खनिज अधिनियम की कार्यवाही की गई है। अचानक हुई छापामार कार्रवाई से रेत माफियाओं में भारी हड़कंप मच गया है। हालांकि, इस कार्रवाई ने जिला खनिज विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि जिले में खनिज विभाग की पेट्रोलिंग टीम और रामपुर स्थित खनिज बैरियर के कर्मचारी क्षेत्र में बिल्कुल सक्रिय नहीं दिखाई दे रहे हैं। यही वजह है कि रेत माफिया खुलेआम खनन कर रहे हैं और प्रशासन की नाक के नीचे यह अवैध कारोबार जारी है। विभाग की लापरवाही के कारण रेत माफियाओं के हौसले बुलंद बने हुए हैं। एसडीएम रोहित सिंह की इस कार्यवाही को कटघोरा क्षेत्र में रेत माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। अब देखना यह होगा कि क्या जिला खनिज विभाग भी अपनी भूमिका निभाते हुए इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगा पाएगा या नहीं।

### भूविस्थापितों ने...

समस्त बेरोजगारों को रोजगार नहीं देने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं खदान उत्पादन ठप्प की समस्त जवाबदारी एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा मुख्य महाप्रबंधक सचिन ताना जी पाटिल एवं क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक विरेन्द्र कुमार और सेफ्टी अधिकारी भास्कर का होगा जिनके द्वारा हम लोगों को झुठा आश्वासन दिया जा रहा है और हमारे साथ धोखाधड़ी, अत्याचार एवं भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं।

# विद्युत कर्मियों के साथ गैर विभागीय कर्मियों से भी लिया बढ़ा हुआ आवास शुल्क : चेट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य।

**खास बात**

- डीएसपीएम प्रबंधन और फेडरेशन की हुई द्विपक्षीय वार्ता

डीएसपीएम ताप विद्युत गृह के प्रशासनिक भवन के कॉन्फ्रेंस रूम में प्रबंधन और फेडरेशन 01 की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संगठन द्वारा दिए गए बिंदुओं जैसे आवास आबंटन नीति का पक्षपात पूर्ण परिपालन, कॉलोनी की सुरक्षा, बंद साफ सफाई, कारपेंटर और प्लंबिंग कार्य, तोड़े गए क्वार्टरों के स्थान पर नए आवासों का निर्माण, जर्जर हो रहे आवासों के उचित मरम्मत हेतु ठोस नीति और सक्षम बजट तैयार करना, ड्यूटी आने जाने के समय कर्मचारी के साथ घटित दुर्घटना को कार्य अवधि के दौरान घटित घटना मानते हुए नियमानुसार चिकित्सा लाभ दिए जाने विषयों पर क्रमवार घंटों तक चर्चा परिचर्चा हुई।

चर्चा में प्रबंधन द्वारा संगठन द्वारा प्रस्तुत सभी विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए यथाशीघ्र कार्यवाही किए जाने आश्वस्त किया गया। फेडरेशन 01 के महासचिव आर सी चेट्टी ने अपने अनुभव के आधार पर कॉलोनी में निर्मित सभी प्रकार के आवासों का निर्माण वर्ष, निर्माण लागत की जानकारी देते हुए बताया कि आवासीय परिसर के अधिकांश आवास काफी पुराने होने के कारण रहने लायक नहीं हैं, उन्होंने बताया कि आवासों की मरम्मत और बढ़ते हुए महंगाई के कारण आवासों के मरम्मत एवं रखरखाव हेतु कर्मचारियों का आवास शुल्क तो बढ़ा दिया गया लेकिन कंपनी से अनुबंध आधार पर रह रहे बाहरी लोगों से बढ़ा हुआ नया आवास शुल्क नहीं लिया जा रहा है जो कि न्याय संगत नहीं है, इस पर त्वरित कार्वाई किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने आवासीय परिसरों में अनाधिकृत रूप से रह रहे बाहरी लोगों को एक बेदखली टीम तैयार कर कार्यवाही करने की बात कही जिस पर प्रबंधन ने जल्द ही टीम तैयार कर कार्यवाही शुरू करने की बात कही। कॉलोनी परिसर में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने एंट्री/एग्जिट को कम करने और चौक चौराहों पर कैमरा लगाए जाने पर प्रबंधन की ओर से बताया गया कि आप सभी के सहयोग/सलाह से उक्त कार्य को संपन्न कराया जाएगा। इस द्विपक्षीय वार्ता में प्रबंधन की ओर से मुख्य अभियंता संजीव कंसल, अतिरिक मुख्य अभियंता श्री सरना, राजेश्वरी रावत, वी के सैनचौधरी, अधीक्षण अभियंता आर पी टंडन, एच एल भूआर्या, देवीशंकर राय, कार्यपालन अभियंता तारामणि तिग्गा, आर के कंवर, गोवर्धन सिदार, टी पी सिंग, आर के चौरे, संगठन की ओर से महासचिव आर सी चेट्टी के साथ, सरोज राठौर प्रांतीय संगठन सचिव, पवन दास प्रांतीय प्रचार सचिव, घनश्याम साहू प्रांतीय जोनल सचिव, रजनीकांत कुर्रे क्षेत्रीय सचिव, संतोष सिंह शाखा अध्यक्ष डीएसपीएम, सतीश देवांगन सचिव, होमन देशमुख उपाध्यक्ष, सागर देवांगन कार्यकारिणी सदस्य, अनुराग डहरिया उपस्थित रहे।

### नये आवास बनाने का प्रयास

श्री चेट्टी द्वारा तोड़े गए क्वार्टरों के स्थान पर भविष्य में नए प्लांट की स्थिति को देखते हुए नए आवास बनाए जाने का निवेदन किया गया। जिस पर प्रबंधन ने उच्च स्तर पर बात रखकर आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु आश्वस्त किया। कॉलोनी के बंद साफ सफाई, कारपेंटर और प्लंबिंग कार्य को प्रारंभ करने के संबंध में प्रबंधन की ओर से बताया गया कि साफ सफाई का कार्य प्रारम्भ हुआ है, जल्द ही कारपेंटरी और प्लंबिंग का कार्य प्रारम्भ होगा। ड्यूटी के लिए घर से निकलने और घर वापस आने वाले समय के बीच अगर किसी कर्मचारी के साथ कोई घटना/दुर्घटना होती है तो संबंधित विभाग के अधिकारी ऐसे कार्यों पर शीघ्रता से जांच कर उन्हें कंपनी के नियमानुसार चिकित्सा लाभ दिए जाने के विषय पर प्रबंधन द्वारा बताया गया कि उपरोक्त का परिपालन प्राथमिकता आधार पर किया जा रहा है।

# धतूरा बस्ती रोड में जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



ग्राम धतुरा बस्ती जाने वाले सीसी रोड के नीचे पिछले एक माह से पानी भराव हो रहा है। जिसके कारण आने जाने वाले सभी लोगों को काफी समस्या हो रही थी। मोहल्ले व गांव वालों ने इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय प्रशासन को संज्ञान लेने और समाधान का रास्ता निकाले का आग्रह किया जिस पर नायब तहसीलदार हरदीबाजार और थाना प्रभारी हरदीबाजार एवं पटवारी ग्राम धतूरा हल्का नंबर 17 जिनके मौजूदगी में निराकरण सरपंच प्रतिनिधि पितर सिंह मरकाम एवं घासी सिंह मरकाम द्वारा पानी निकासी का निराकरण के लिए चैतराम केंवट भूतपूर्व उप सरपंच और वार्ड क्रमांक 2 के पंच के घर में आपसी बैठक आहूत कर पानी निकासी के लिए जेसीबी मशीन से नाली बनाया गया। जिसके बाद आवागमन सुगम हो सका। इस दौरान लक्ष्मी प्रसाद तिवारी, केवल राम केंवट, जगत राम केंवट, नकुल सिंह पोर्ते, चिंतारम केंवट रवि राठौर, खोलबहरा केंवट, सुखसागर केंवट एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पानी की टंकी में गिरा इंडियन कोबरा

**उमरेली।** ग्राम पंचायत उमरेली के भाटापारा स्थित गुरुवार सिंह के निवास स्थान में बने पानी के टंकी पर इंडियन कोबरा नागराज पानी की टंकी पर दोपहर देखा गया जिससे घर के लोग भयभीत हो गए और यह बात अमरेली भाटापारा सहित गांव में फैलने लगी जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी साथ ही सावन के इस पवित्र महीने पर नागराज को देखकर सभी प्रणाम करने लगे जिसे ट्यूबवेल के पाइप के अंदर जैसे तैसे करके पकड़ा गया और उसे दूर-दूर जंगल में छोड़ा गया। खास बात यह रही की नागराज और गुरुवार सिंह और उनके परिवार सहित स्थानीय लोगों को कोई प्रकार की हानि नहीं हुई नागराज (सर्प) और मानव के इस टकराव में किसी को भी नुकसान नहीं हुआ। ना ही किसी सपेरे को बुलाया क्या और ना ही नाराज को मर गया नागराज को ट्यूबवेल के पाइप में अंदर डाला गया और उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

### लीलागर नदी से जल लेकर शांतिनगर शिव मंदिर में किया जलाभिषेक



**हरदीबाजार।** शांतिनगर स्थित कंचन बाई राठौर की स्मृति में निर्मित शिव मंदिर में महिला समूह के द्वारा पांच किमी पैदल राम-जानकी मंदिर तट लीलागर नदी से जलभर कर हरदीबाजार शांतिनगर शिव मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया। हर हर महादेव के जयघोष के साथ सभी कांवड़िए महिलाओं ने त्रिगुण भगवान शिवशंकर की आरती किया गया। तत्पश्चात मंदिर संयोजक राजाराम राठौर ने सभी कांवडिया शिव भक्तों को प्रसाद वितरण किया। इस दौरान शांति साहू, शशी पैंकरा, दामिनी पैंकरा, सौहोद्री देवी सोनी, सुनीता साहू, कमलेश तंवर सहित अन्य शिव भक्त उपस्थित रहे।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज

नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**खबर संक्षेप**



## गौ विज्ञान परीक्षा हेतु गौ समिति ने जिला शिक्षा अधिकारी से की मुलाकात

**कोरबा।** गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ राज्य गौ संवर्धन एवं संरक्षण संरक्षण समिति द्वारा प्रान्त के प्रत्येक जिलों में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन होने जा रहा है। जिसके पोस्टर का विमोचन 27 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव के करकमलों से हुआ है। इसी तारतम्य में 5 जुलाई को जिला शिक्षा अधिकारी ताम्रेश्वर उपाध्याय से भेंटकर पोस्टर पत्रक सौंपा। साथ ही गौ विज्ञान परीक्षा के सुचार संचालन में योगदान हेतु आग्रह किए गए। महोदय द्वारा आश्वस्त किया गया है कि गौ माता के संरक्षण संवर्धन के लिए चलाए जा रहे इस महान अभियान में सभी स्कूलों से अधिक से अधिक बच्चे भाग लेंगे। इस दौरान अजय दुबे सनातन संघर्ष समिति जिला कोरबा से, लालिमा जायसवाल प्रान्त गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख, गजेंद्र तिवारी गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी उपस्थित रहे।

## जल्द होगा नवीन कमेटी का गठन : नत्थूलाल



**कोरबा।** जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र के सभी जोन कमेटी, वार्ड कमेटी और बूथ कमेटियों को भंग कर दिया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश भर के सभी जिलों में आवश्यकतानुसार मंडल कांग्रेस कमेटी का नवीन गठन किया जा रहा है। वहीं वार्ड एवं बूथ कमेटियों का पुनः गठन किया जा रहा है। इसलिए वार्ड एवं बूथ कमेटी को भंग कर दिया है। श्री यादव ने बताया कि कोरबा विधानसभा अंतर्गत कुल 4 ब्लाक कोरबा, दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा बनाए गए हैं, जिसमें कोरबा ब्लाक में 4 मंडल तथा दर्री, बालको एवं कुसमुण्डा में 2-2 नवीन मंडल का गठन किया जा रहा है साथ ही साथ 67 वार्ड एवं 244 बूथ कमेटी का गठन किया जावेगा । इसके अलावा बांकीमोंगरा के 30 वार्डों को तीन मंडल में विभाजित कर तीन मण्डल कमेटी का गठन किया जा रहा है इसके अलावा यहां सभी 30 वार्डों में नवीन वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी बनाया जावेगा। जिला अध्यक्ष नत्थूलाल यादव ने सभी ब्लाक अध्यक्षों एवं ब्लाक प्रभारियों को अतिशीघ्र मंडल कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी के नवीन गठन करने निर्देशित किया है।

## प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा ली गई नेशनल लोक अदालत की बैठक



**कोरबा।** जिला न्यायालय एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को किया जाएगा। उपरोक्त के संबंध में राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ 4 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष, जिला न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायालय के न्यायायिक अधिकारियों एवं बाह्य न्यायालय कटघोरा, पाली एवं करतला न्यायालयों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसि के माध्यम से बैठक ली गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीनामा योग्य अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से हो रही बिजली की बचत



**कोरबा।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आज देश के हर घर को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हो रही है, जो न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, बल्कि आमजन की आर्थिक बचत का जरिया भी बन रही है। पीएम सूर्यघर योजना से सरकार लोगों को सौर ऊर्जा से जुड़ने का अवसर दे रही है, जिससे उनका बिजली पर खर्च घट रहा है और पर्यावरण को भी संरक्षण मिल रहा है, साथ ही उन्हें सस्ती और सतत बिजली का स्त्रोत उपलब्ध हो रहा है, जो उनके जीवन स्तर को बेहतर बना रहा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से शहर के रविशंकर शुक्ल नगर में एचआईजी-15 निवासी डॉ बीपी विश्वकर्मा ने अपनी घर की छत पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर प्लांट लगवाया है। छत पर सोलर पैनल लगाकर हितग्राही ऊर्जा, पर्यावरण व पैसे तीनों का एक साथ संरक्षण कर रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत उन्हें केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सब्सिडी प्रदान की गई, जिससे सोलर पैनल की कुल लागत में उल्लेखनीय कमी आई।

### उरगा, कुसमुण्डा व बांगो थाना क्षेत्र में हुआ है हादसा

# अलग-अलग हादसे में चार की मौत, कुसमुण्डा में हादसे के बाद फूट पड़ा था आक्रोश, चक्काजाम



दुर्घटाग्रस्त वाहन।



चक्काजाम करते स्थानीय लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में तीन अलग-अलग सड़क हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई है। जिसमें कुसमुण्डा में हुए सड़क हादसे में सड़क हादसे के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। लगभग 3 घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। पुलिस ने सभी मामलों में दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम साजापानी में घटित हुई है। बताया जाता है कि ग्राम साजापानी निवासी रामरतन नागवंशी 25 वर्ष पिता श्यामलाल नागवंशी अपने बच्चों को लेकर मोटरसाइकिल में सवार होकर इलाज के लिए ग्राम धमनागुड़ी गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से उसका एक्सीडेंट हो गया जिससे दोनों मोटरसाइकिल में सवार ग्राम मौहार निवासी राजेश कंवर 35 वर्ष पिता स्व सहसराम कंवर गंभीर रूप से घायल हो गया और राम रतन नागवंशी को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात को ही राम रतन नागवंशी और राजेश कुमार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना कुसमुण्डा थाना क्षेत्र में घटित हुई है। गेवरा कुसमुंडा टिपर मार्ग में एक कोयले से भरी ट्रेलर सीजी 04 जेसी 9564 ने बाइक सीजी 12 एएच 2745 सवार को कुचल दिया जिसमें बाइक सवार आशीष कंवर उम्र लगभग 25 वर्ष पिता वीरू कंवर की मौत हो गई है जबकि रघुनंदन यादव पिता फिरत यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के होते ही लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना पर युवराज तिवारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर रहे लोगों को समझाइश दी गई जिसमें मृतक के परिजनों को 60 हजार ट्रक मालिक, 20 हजार तेज प्रताप सिंह, 10 हजार कुसमुंडा पुलिस द्वारा प्रदान किया गया तथा शासन की ओर से मिलने वाला 25 हजार का चेक कल मिलने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। तीसरी घटना बांगो थाना क्षेत्र में घटित हुई है। यहां ग्राम गुरसिया के समीप नेशनल हाईवे 133 पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अंबिकापुर से कटघोरा की ओर जा रही एक ट्रेलर वाहन द्वारा ओवरटेक के प्रयास में सामने चल रही हैंडरा (छोटा मालवाहन) को ठोकर मार दिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हैंडरा वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में हैंडरा ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राजेश पाल के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बांगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। मामले की जांच जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह क्षेत्र ओवरटेकिंग के दौरान अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनता है, जिसको लेकर प्रशासन को ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## रेत से भरा ट्रैक्टर पलटा, घंटों जाम से जूझते रहे लोग



**कटघोरा।** कटघोरा नगर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध रेत परिवहन का खेल खुलेआम जारी है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि दिन हो या रात, रेत से लदे ट्रैक्टर सड़कों पर फर्राटे भरते दिखाई देते हैं। बुधवार की दोपहर इस लापरवाही का नजारा उस समय देखने को मिला जब कटघोरा बिलासपुर मार्ग पर कसनिया के पास काके ढाबा के सामने एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर अत्यधिक गति में था और अचानक नियंत्रण खोने के कारण बीच सड़क पर पलट गया। देखते ही देखते सड़क पर रेत बिखर गई और यह व्यस्त मार्ग घंटों बाधित रहा। वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटघोरा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन अब आम बात हो चुकी है। इस घटना में पलटा ट्रैक्टर भी नगर के एक रेत ठेकेदार का बताया जा रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि खनिज विभाग न तो इन ट्रैक्टरों की जांच करता है और न ही पेट्रोलिंग करता है। इस कारण रेत माफिया बेखौफ होकर दिन-रात सड़कों पर ट्रैक्टर दौड़ा रहे हैं। विभाग की कार्यवाही न होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और आम जनता इसकी कीमत रोजाना यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं के खतरे के रूप में चुका रही है। इस घटना से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर खनिज विभाग समय रहते सख्ती बरते तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है। मगर विभाग की चुप्पी से रेत कारोबारियों को खुली छूट मिल गई है।

# हरदीबाजार क्षेत्र थर्राया लुटेरों से, दो दिन में 3 महिलाओं के साथ हुई लूटपाट



**खास बात**

- खरीददार बनकर पहुंचे थे लुटेरे, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई लूटपाट की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र में बाइकर्स गिरोह ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन चेन स्नेचिंग की घटना को लूटेरों ने अंजाम दिया है। लूटपाट की घटना सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आई और लुटेरों की खोजबीन में जुटी हुई है। हालांकि लुटेरों का सीसीटीवी फुटेज सामने आ गया है जिसके आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश में जुटी हुई है।

जिले में लूटपाट की घटना हरदीबाजार थाना क्षेत्र में घटित हुई है। बताया जाता है कि लूटपाट की पहली घटना मंगलवार को हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम रेलडबरी में घटित हुई है। यहां निवासरत गुजरमती पटेल पति भागबली पटेल अपने घर के समीप स्थित दुकान सामान लेने गई हुई थी कि इसी दौरान लुटेरे युवक मौके पर पहुंचे और दुकान में सामान ले रही महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले। इस घटना की छानबीन में जुटी पुलिस आरोपियों का सुराग भी नहीं जुटा पाई थी कि फिर से बुधवार की दोपहर लगभग 4 बजे हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरदा में लुटेरों ने फिर से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि यहां इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालक व्यास पटेल की पत्नी जय कुंवर मौके पर मौजूद थी। इसी दौरान लुटेरे सामान खरीदने के बहाने पहुंचे और विकास पटेल की पत्नी जयकुंवर के साथ चैन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जाता है कि इस लूटपाट की घटना के 1 घंटे बाद फिर से ग्राम लोटनापारा में ही फिर से लुटेरों ने इसी तरह की लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जाता है कि पिछले 24 घंटे के दौरान हरदीबाजार थाना क्षेत्र में लूटपाट की तीन वारदात हुई है। लूट की वारदात होने के बाद जिला पुलिस की टीम अलर्ट हो गई है और लुटेरों की धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई है। बताया जाता है कि लुटेरों की हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस लुटेरों की पतासाजी में जुटी हुई है।

## 40 लीटर कच्ची महुआ शराब व स्कूटी वाहन जप्त

**कोरबा।** उरगा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक्टीवा क्रमांक सीजी 12 बीआर 5908 नीले रंग में अवैध रूप से हाथ भठ्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब लेकर चीतापाली से भैसमा की ओर जा रहे हैं। जिसकी सूचना पर मौके पर जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जो मौके पर दो व्यक्ति स्कूटी के पैरदान में एक प्लास्टिक के झोला एवं प्लास्टिक पोलीथीन पन्नी के अन्दर कुल 40 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब रखे मिले। आरोपियों में मोतीसागरपारा निवासी मनीष सागर उम्र 24 वर्ष पिता गेंदराम सागर तथा राम सिंह गोंड उम्र 25 वर्ष पिता लक्ष्मण सिंह गोड शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 40 लीटर महुआ शराब तथा स्कूटी वाहन को जप्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# युक्तियुक्तकरण के प्रकरणों की शुरु हुई सुनवाई संभागीय कार्यालय में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में संपन्न हुई शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से प्रभावित हुए शिक्षक जो प्रक्रिया के विरुद्ध न्यायालय के शरण गए थे उनके प्रकरणों की सुनवाई शिक्षा विभाग के संभागीय कार्यालय में शुरु हो गई है। जिले से सौ से अधिक शिक्षकों ने न्यायालय की शरण ली थी जिनके निर्देश पर सुनवाई का मौका दिया गया है। ऐसे लोगों की संख्या 65 है जिन्हें सुनवाई के लिए चरणबद्ध तरीके से संभागीय कार्यालय बुलाया गया है।

**खास बातें**

- जून माह में संपन्न हुई थी युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया
- सौ से अधिक शिक्षकों ने कोर्ट की ली थी शरण

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से स्थानांतरित हुए शिक्षकों में अधिकांश ने अपने नियत स्थान पर पदभार ग्रहण कर लिया है। उसके बावजूद कुछ ऐसे शिक्षक हैं जिन्होंने अभी भी अपनी नई पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग नहीं दी है। ऐसे शिक्षक कोर्ट की शरण में गए थे और वहां से उन्हें जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया था। कुल 65 ऐसे शिक्षक हैं जो जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होने के बाद भी निराकरण नहीं होने पर दोबारा कोर्ट की शरण ली। जिसके बाद ऐसे प्रकरणों की सुनवाई शिक्षा विभाग के संभागीय कार्यालय में शुरु की गई है। ऐसे 65 शिक्षकों को चरणबद्ध तरीके से सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत दूरुस्थ वनांचल क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना हुई थी। विशेषकर विषय विशेषज्ञ शिक्षक जिनकी कमी ग्रामीण अंचल के हाई व हायर सेकेंडरी स्कूल में बनी हुई थी। उसके बावजूद अभी भी कुछ ऐसे स्कूल हैं जिनमें विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हुई है। ऐसे शिक्षकों को संभाग स्तरीय सुनवाई के बाद उन्हें उनके पदस्थापना वाले स्कूलों में ज्वाईनिंग देनी होगी।

**खारिज हो रहे प्रकरण**

जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थित होने के साथ संभागीय कार्यालय में चल रही प्रकरणों की सुनवाई के दौरान अधिकांश शिक्षकों के मामले खारिज हो रहे हैं और जिन्हें वापस भेजा जा रहा है ऐसे क्षिक्षकों को अपने पदस्थापना वाले स्कूल में ज्वाईनिंग देनी होगी।

## वृद्ध पर मधुमक्खी ने किया हमला, मौत

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधवाभाटा निवासी टिहरी बाई उम्र 74 वर्ष पति समार सिंह यादव अपने खेत गई हुई थी। खेत से वापस लौटते समय मधुमक्खियों ने महिला पर हमला कर दिया। किसी तरह महिला बचकर अपने घर पहुंची जिसके बाद उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां उपचार के दौरान टिहरी बाई की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# पीडीएस दुकानों के लिए स्थाई भवन की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिस तरह ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी भवन बनाने का निर्णय लिया गया है। उसी तर्ज पर नगर निगम अंतर्गत शहर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में चलने वाली पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी भवन बनाए जाने की राह खुल गई है। मांग आने पर डीएमएफ से इन क्षेत्रों में भी पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी भवन बनाया जा सकता है।

**खास बातें**

- मांग आने पर डीएमएफ से कराया जाएगा निर्माण
- विभाग ने अपने स्तर पर की है तैयारी

पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी भवन बनाए जाने की जरुरत पिछले लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसके लिए कई बार प्रशासन स्तर पर विभागीय चर्चा की गई किंतु तत्कालीन अधिकारियों के द्वारा रुचि नहीं लेने के कारण पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी दुकानों की व्यवस्था नहीं हो सकी। हाल ही में डीएमएफ से ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी दुकान बनाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह शहरी क्षेत्र में भी पीडीएस दुकानों के लिए स्थायी भवन बनाए जाने की राह खुल गई है। विभाग का मानना है कि अगर निगम क्षेत्र से कोई डिमांड आती है तो स्थायी दुकानों का निर्माण डीएमएफ से किया जा सकता है। शहरी क्षेत्र में दुकानों का संचालन प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार, महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है जो किराये के भवन लिए हैं या फिर दुकानदार स्वयं के घर में संचालन कर रहे हैं। निगम क्षेत्र में कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां सरकारी जमीन में कब्जा कर बने हुए मकानों में दुकानें चल रही है।

**मांग आने पर निर्माण**

ग्रामीण क्षेत्रों की तरह निगम क्षेत्र से अगर पीडीएस दुकानों के लिए भवन बनाने की मांग आती है तो डीएमएफ से बनाया जा सकता है।

-अजीत वसंत, कलेक्टर

**जिले में 460 पीडीएस दुकानों का संचालन**

जिले में कुल 460 पीडीएस दुकान संचालित हैं जिनमें 60 दुकानें केवल नगर निगम के वार्डों में ही चल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीडीएस दुकानों का संचालन तीन स्तर पर हो रहा है। ग्राम पंचायत, महिला स्व सहायता समूह और आदिवासी सेवा सहकारी समिति इनके द्वारा दुकानों की संचालन की जिम्मेदारी उठाई गई है। जिन नये पंचायतों में पीडीएस दुकान नहीं खुली थी वहां इस वर्ष से नई पीडीएस दुकान खोली जा रही है। भवन नहीं होने के कारण पंचायत के भवन में या किसी ग्रामीण के घर में तथा सहकारी समिति के दफ्तर में दुकानों का संचालन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की तरह शहरी क्षेत्र में भी पीडीएस दुकान का संचालन किराये के भवनों में हो रहा है।

## कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

सूरजपुर। सूरजपुर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में आइक्यूएसी रेड क्रॉस सोसाइटी एवं रासेयो के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य बृजलाल साहू ने छात्राओं को मानसिक एवं शारीरिक रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया साथ ही पाठ्येतर गतिविधियों में भी तन एवं मन के साथ भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### पांच सौ से अधिक किसान और समूह सदस्य रेशम के कृमि पालन से हुए लाभान्वित

# मनरेगा की नर्सरी से ग्रामीणों का हो रहा आजीविका संवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले में मनरेगा और रेशम विभाग के अभिसरण से ग्रामीण आजीविका में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत विगत वर्षों में तैयार किए गए नर्सरी और पौधारोपण से 546 किसान और महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य रेशम कृमि पालन से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।

मनरेगा योजना के तहत विगत वर्षों में जिले के सभी विकासखंडों में 30 स्थानों पर रेशम विभाग के द्वारा अर्जुन और साजा के पौधों की नर्सरी तथा पौधारोपण किया गया जिससे 93869 मानव दिवस सृजित किए गए। इस कार्य से पिछले 6 वर्षों में करीब 7422 श्रमिकों को रोजगार के अवसर मिले। रेशम विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन और फील्डमैन श्री मंगल दास महंत के सहयोग से ग्रामीणों ने अर्जुन और साजा वृक्षों पर रेशम की इल्लियों का पालन शुरू किया है। इससे किसानों को औसतन 50 हजार वार्षिक की अतिरिक्त आमदनी हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार आया है। कोसा पालन की वैज्ञानिक प्रक्रिया- फील्डमैन श्री महंत ने बताया कि कोसा पालन की प्रक्रिया में कोसा फलों को 5-5 के 20 गुच्छों में बांधकर कपलिंग की जाती है, जो 48 घंटे में पूर्ण होती है। माइक्रोस्कोप से अंडों की जांच कर बीमार अंडों को हटाया जाता है। फिर अंडों की सफाई एसिड और फॉर्मेलिन घोल से की जाती है और उन्हें सुखाकर ट्रे में रखा जाता है। 8 दिनों के भीतर इल्ली निकलती हैं, जिन्हें अर्जुन वृक्ष पर छोड़ा जाता है। जिले में यह पहल न केवल किसानों की अतिरिक्त आय का माध्यम बन रही है, बल्कि महिला समूहों के लिए भी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हो रही है। मनरेगा के तहत लगाए गए पौधे अब आमदनी के स्थायी साधन बन चुके हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411